तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 10 मार्च 2025

15 बेलर में हरिशंकर साहू उपसरपंच निर्विरोध बने

15 दादरगांव की यामिनी बनीं उपसरपंच समर्थकों ने...




आवश्यकता है
कम्प्यूटर वर्क/ऑफिस वर्क के लिए फीमेल स्टॉफ/ लड़कियाँ एवं सेल्स गर्ल कपड़े एवं रेडिमेड के लिए आवश्यकता है
संपर्क करें
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
9893744470

अधिवेशन : ग्राम धूमा में छत्रपति शिवाजी महाराज का मूर्ति अनावरण व वार्षिक अधिवेशन हुआ

# शिवाजी महाराज कुर्मी ही नहीं सर्वसमाज के महानायक और कुशल योद्धा थे: विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम के ग्राम धूमा में दिल्लीवार क्षत्रिय कुर्मी समाज द्वारा आयोजित छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति अनावरण व वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने कहा कि कुर्मी समाज ने छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति स्थापना की इससे आने वाले समय में युवाओं को अच्छा मार्ग मिलेगा। शिवाजी महाराज ने देश और हिंदू सनातन के लिए अपने जीवन को न्योछावर कर दिया। पूर्व में हमारे देश के इतिहास में बहुत छेड़खानी हुआ है इतिहास को छुपाने का काम किया है, शिवाजी महाराज केवल कुर्मी समाज का ही नहीं बल्कि पूरे देश और सनातन संस्कृति के सम्राट है, उनके बताए मार्ग पर चले। कहा कि समाज है तो हम है समाज ही सर्वोपरी है हमें एक दूसरे का सहयोग करना है। कहीं ना कहीं समाज में जो आगे बढ़ता है उसे खींचकर पीछे ला देते हैं इसी कारण पिछड़ते जा रहे हैं। यह बात सभी समाज में है। विधायक श्री साहू ने कहा कि हमलोग दूसरे यानी बाहर के व्यक्ति के ऊपर अधिक विश्वास कर लेते है। जबकि मुसीबत में पड़ोसी ही काम आता है। जो व्यक्ति समाज में आगे बढ़ रहा है उसे हाथ देकर आगे बढ़ाने का काम करें तो यह सभी के लिए अच्छी बात होगी। शंभाजी महाराज कभी नहीं झुका जबकि उन्हें झुकाने के लिए कई प्रयत्न किया गया परंतु उन्होने अपना प्राण न्योछावर कर दिया लेकिन झुके नहीं। कहा कि हमारा समाज कैसे प्रगति करें इसके लिए चिंतन करना आवश्यक है। मुझे कुर्मी समाज का हमेशा प्रेम स्नेह और आशीर्वाद मिलता रहा है। हमारे डबल इंजन की सरकार हर गारंटी को पूरा कर रहा है। केवल तेरह माह में ही साढ़े तीन सौ करोड़ के विकास कार्यों का काम राजिम क्षेत्र में हुआ है। समाज की मांग पर राजिम सर्किल के लिए सामाजिक भवन निर्माण के लिए दस लाख देने की घोषणा विधायक ने किया।



### नशाखोरी समाज और स्वयं के लिए फायदेमंद

विशेष अतिथि के रूप में मौजूद जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि 400 साल की गुलामी जिए हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य को हम सब जानते हैं कुर्मी समाज के आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज हम सबको गौरवान्वित करते हैं। कहा कि कुर्मी समाज के अन्य फिरका आगे बढ़ गया है लेकिन दिल्लीवार कुर्मी समाज के पिछड़ने के क्या कारण है सबको पता है। मेरा आग्रह है कि एक दूसरे के पैर खींचने की बजाय साथ देकर आगे बढ़ाने का काम करें तो आने वाले समय में समाज को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। श्री साहू ने कहा कि नशाखोरी से दूर रहे यह समाज और खुद के लिए भी फायदेमंद है मां-बाप अपनी पूंजी बेचकर अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए प्रेरित करते हैं लेकिन कई ऐसे लोग हैं जो शिक्षा पर नहीं बल्कि नशे पर ध्यान देते हैं ।



### समाज को मजबूत करें व जुड़कर आगे बढ़े

कार्यक्रम में मौजूद जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू और सरपंच सुलोचना वामन निर्मलकर ने भी समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को मजबूत रखना है इससे जुड़कर ही आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे सर्किल अध्यक्ष डॉक्टर जवाहरलाल वर्मा ने समाज को आगे बढ़ाने अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष ओमकुमार वर्मा, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य माखनलाल देशमुख, सचिव कोमल वर्मा , तुकाराम वर्मा, आसाराम वर्मा, राजेंद्र भारती, हरीश साहू सरपंच सेम्हरतरा, देवेंद्र वर्मा सरपंच सिर्री, गुंजन भोला वर्मा सरपंच, अजीत वर्मा, संतोष देशमुख, मीडिया प्रभारी प्रकाश वर्मा, ठाकुर राम वर्मा, उदय भारती, नीतू साहू , जनपद सदस्य वीरेंद्र वर्मा, ज्ञानचंद वर्मा, हरिराम, छोटू वर्मा, सोहन वर्मा, दिलीप वर्मा, मोहन वर्मा, बिसाहू वर्मा, गायत्री वर्मा, सीता वर्मा, रेवती वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर रक्तदान और निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हुए।

## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित कार तालाब में घूसी, बाल बाल बचे



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के गोहरापदर उरमाल मार्ग में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर तालाब में घुस गया और इसमें सवार चार लोग बाल बाल बचे। मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव से मैनपुर विकासखण्ड से उरमाल जा रहे तेज रफ्तार कार रात 2 बजे अनियंत्रित होकर सरगीगुड़ा तालाब में घुस गया कार में सवार चारों लोग सुरक्षित है।

### नवनिर्वाचित सरपंचों की प्रथम बैठक आज




**राजिम।** ब्लाक के नवनिर्वाचित सरपंचों की प्रथम बैठक 10 मार्च को फिंगेश्वर विश्राम गृह में दोपहर 12 बजे से रखा गया है। जिसमें सभी नवनिर्वाचित सरपंचों की उपस्थिति होगी। यह जानकारी ग्राम पंचायत सेम्हरतरा के नवनिर्वाचित युवा सरपंच हरीश साहू ने दी।

### तहसील साहू समाज की बैठक आज

**नवापारा-राजिम।** तहसील साहू समाज की बैठक आज 10 मार्च सोमवार को 12 बजे साहू समाज भवन बेलभाटा अभनपुर में रखा गया है। यह जानकारी देते हुए तहसील साहू समाज के मीडिया प्रभारी पूरन साहू ने बताया कि सामाजिक गतिविधि एवं एकजुटता पर चर्चा करते हुए तहसील साहू संघ परिसर बेलभाटा (अभनपुर) में निर्मित व्यावसायिक परिसर का लोकार्पण एवं अप्रैल माह में माता कर्मा जयंती भव्य रूप से मनाने संबंधी चर्चा की जाएगी। बैठक में तहसील साहू संघ के अध्यक्ष ब्रह्मानंद साहू, कार्यकारी अध्यक्ष तुलेश साहू सहित तहसील साहू समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# फागुन में खिले पलाश के फूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



फागुन में होली के आने का अहसास करा रहे पलास के फूल इन दिनों नगर सहित हर ओर देखने को मिल रहा है खिले हुए पलास के फूल प्राकृतिक सुन्दरता को बढ़ रहे हैं। गर्मियों के साथ पतझड़ की शुरुआत हो गई हैं।

वहीं मुरझाए हुए पेड़ों के बीच सुर्ख रंग के फूल मन को सुकून देने का काम करते हैं यह फूल दिखने में जितने खूबसूरत होते हैं, वहीं इनका प्रयोग औषधी व रंग बनाने में होता है हम बात कर रहे हैं टेसू के फूलों की इनकी खासियत है कि फागुन में जहां इसके फूल हर ओर छाए रहते हैं वहीं होली के खत्म होने के बाद इनके फूल उतरने लगते हैं मुख्य रूप में इनका उपयोग जहां गुलाल व अबीर बनाने के लिए करते हैं, वहीं टेसू के फूलों का उपयोग लोगों के लिए औषधी के रूप में होता है सुर्ख लाल होने के कारण इन फूलों को जंगल की आग भी कहते हैं फूल को उबालने से एक प्रकार का लाल व पीला रंग निकलता है जो होली के लिए प्रयोग किया जाता है फूलों की बची हुई चीजों से अबीर बनता है ब्यूटी कॉस्मेटिक्स में टेसू के चूर्ण का उपयोग बढ़ा है।

# कोपरा में 19 गायों की मौत पर प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के कोपरा में संचालित गौशाला में 19 गायों की मौत का मामला सामने आया है, जिसने प्रशासन और सरकारी व्यवस्था की पोल खोल दी है। भूख-प्यास से तड़पती गायों की करुण चीखें सुनने वाला कोई नहीं था, और जब वे दम तोड़ चुकीं, तब जाकर प्रशासन की नींद खुली।

गौशाला में चारा-पानी का संकट इतना विकराल था कि मवेशी एक-एक कर दम तोड़ते गए। स्थानीय कृषि समिति बार-बार नगर पंचायत के सीएमओ श्यामलाल वर्मा से गौशाला की व्यवस्था सुधारने की गुहार लगाती रही, लेकिन अधिकारी शायद किसी और महत्वपूर्ण काम में व्यस्त थे। आखिरकार, 19 गायों की मौत के बाद भी उनकी चुप्पी सवालों के घेरे में है।



### गौशाला में मिला मौत का मंजर

*नगर विकास व कृषि समिति के अध्यक्ष मोतीलाल साहू जब मौके पर पहुंचे तो वहां का दृश्य रोंगटे खड़े कर देने वाला था मृत गायों के कंकाल बिखरे पड़े थे, बदबू से माहौल दूषित था। आसपास के ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि गौशाला समिति चरवाहों को समय पर मेहनताना नहीं दे रही थी, जिससे वे मवेशियों को चराने से कतराने लगे। नतीजा यह हुआ कि मवेशी कुपोषण के शिकार हो गए और धीरे-धीरे दम तोड़ने लगे।*

### सियासी घमासान, सोशल मीडिया पर गरजे भूपेश



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस घटना को घोर पाप और अधर्म करार दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा विज्ञापनों में सुशासन लेकिन हकीकत कुछ और है। गौठान बंद कर दिए गए, तस्करी चरम पर है। मरती गायों की चीखों को कैसे 'शासन' कह दूं? घटना के बाद सीएमओ श्यामलाल वर्मा ने आनन-फानन में एनजीओ संचालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। सवाल यह उठता है कि जब स्थानीय लोग और कृषि समिति बार-बार चारा-पानी की मांग कर रहे थे, तब प्रशासन ने कार्रवाई क्यों नहीं की? अब जब मामला सुर्खियों में है, तो क्या यह सिर्फ खुद को बचाने की कवायद है?

### गौ माता असुरक्षित हैं: अमितेश



पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा, गौ माता की इस दुर्दशा का श्राप इस सरकार को लगेगा। बीजेपी राज में गौ माता असुरक्षित हैं, उन्हें भूखे मरने के लिए छोड़ दिया गया है।

# महिला ही समाज की धुरी रही है : महेंद्र



**फिंगेश्वर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला धमनी में मातृ शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों के द्वारा श्लोक एवं स्वस्ति वाचन कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षिकाओं एवं सभी रसोईया महिलाओं का अभिनंदन कर उन्हे श्रीफल एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षिका पदमनी साहू ने कहा कि एक महिला के रूप में मैं स्वयं को गौरवान्वित महसुस करती हुं। आज समाज में महिलाओं को बेहतर सम्मान और अवसर प्रदान किया गया है जिसके कारण लिंग भेद दूर हुआ है। इस अवसर शिक्षक महेन्द्र पंत ने समाज में महिलाओं के योगदान एवं उनकी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि आदि काल से लेकर वर्तमान समय तक महिला ही समाज की धुरी रही है। आज कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां पर महिलाओं की सहभागिता नहीं हो। समाज और राष्ट्र के समुन्नत विकास के लिए महिलाओं को समुचित अधिकार एवं अवसर प्रदान करते हुए उनके सशक्तिकरण के लिए व्यापक प्रयास होने चाहिए। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक सुखेन साहू, शिक्षक महेन्द्र पंत, उत्तम भारती, पदमनी साहू अनिता राजपूत, मनीषा दिवान, पवन साहू, प्रेमीन साहू, गीता साहू, संतोषी सेन, वंदना साहू तथा विद्यालय के छात्र- छात्र उपस्थित थे।

# होने लगा गुलाबी ठंड का अहसास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम


मौसम ने एक बार फिर अंगड़ाई ली है। पिछले तीन-चार दिनों से अलसुबह और शाम होने से लेकर रात में तापमान में कमी दर्ज की गई है। सुबह-सुबह ठंड का एहसास होने लगा है एवं शाम रात में भी अच्छी ठंड पड़ने लगी है। इससे गर्म कपड़े फिर से बाहर निकल आए हैं। हालांकि दोपहर में गर्मी का एहसास होने लगा है किंतु 15 दिन पूर्व जिस प्रकार कुलर एवं एसी की आवश्यकता पड़ रही थी। बनिस्बद उसके दोपहर में भी तापमान में 2 से 3 डिग्री कमी दर्ज की गई है। अभी दिन का अधिकतम तापमान 35 से 37 डिग्री है वहीं न्यूनतम तापमान 18 से 20 डिग्री दर्ज की गई है। दिन एवं रात में मौसम पूरी तरह साफ है। बता दे की 13 मार्च को होलिका दहन होगा एवं 14 मार्च को रंगों का पर्व होली खेली जाएगी। छत्तीसगढ़ में होली के पूर्व एहसास होने वाले ठंड को महुआ जाड़ के नाम से जाना जाता है। ऐसी पारंपरिक मान्यता है कि प्रत्येक वर्ष होली के पूर्व जब महुआ के पेड़ पर फल लगता है उस समय हल्की ठंड का एहसास होने लगता है। इसे महुआ जाड़ कहा जाता है।

## वन्यप्राणियों की तस्वीर ट्रैप कैमरें में कैद...



**मैनपुर।** जिले के उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के उपनिदेशक वरूण जैन के विशेष प्रयास से टाइगर रिजर्व के बिहड़ जंगल के भीतर जगह –जगह बेहतरीन टेक्नोलॉजी ट्रैप कैमरा लगाया गया है जिसके कारण जंगल के भीतर के अनदेखी वन्यप्राणियों की तस्वीर लगातार सामने आ रही है। जिसमें उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल में खुले में स्वतंत्र रूप से वन्यप्राणी विचरण कर रहे है। टैप कैमरे में सोनकुत्ता, नीलगाय, भालू, चितल, मोर जैसे दुर्लभ वन्यजीवों की तस्वीर कैमरे में कैद हुआ है।

# चरौदा में बाल योगी विष्णु अरोड़ा ने कृष्ण जन्म व बाल लीला का किया वर्णन



**छुईहा** बेलर। बिना भाव के भगवान कीमती चीजों को भी ग्रहण नहीं करते। यदि भाव से एक फूल ही चढ़ा दें तो प्रभु प्रसन्न हो जाते हैं। जिस व्यक्ति में ईश्वर प्रेम का भाव पैदा हो जाए तो उसे ईश्वर की लगन लगी रहती है। यह बात रविवार को विद्वान भगवताचार्य बाल योगी विष्णु अरोड़ा ने भागवत ज्ञान सप्ताह चरौदा के पावन व्यास से कहा। कथावाचक ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा विस्तार से सुनाते हुए कहा कि जब श्रीकृष्ण के पैदा होने की खबर राजा कंस को मिली तो वह कारागार में पहुंचा। वहां कन्या को देखकर पत्थर पर पटक कर मारना चाहा तो कन्या हाथ से छूट कर यह कहते हुए आकाश में चली गई कि तेरा मारने वाला ब्रज में पैदा हो चुका है। इसके बाद वह राक्षसों को ब्रज भेजता है, किंतु वे कृष्ण का कुछ नहीं कर पाते हैं। इसके बाद कंस पूतना को भेजते हैं। इसके बाद श्रीकृष्ण की माखन लीला, गोवर्धन लीला, बाल लीलाओं के दृश्यों का संजीव चित्रण किया गया। भगवताचार्य ने कहा यदि हमारे भीतर सीखने का हुनर है तो हम इस चराचर जगत में प्रत्येक स्थावर-जंगम पदार्थ से कुछ न कुछ सीख सकते हैं । ऐसी कोई भी वस्तु नहीं जिससे कुछ न कुछ ग्राह्य न किया जा सके । चन्द्र प्रकाश सिन्हा यूगलकिशोर सिन्हा परिवार के तत्वावधान में आयोजित है। कथा का छटा दिन है इसमें रूखमणी विवाह, सुदामा चरित्र की कथा सुनायेगें। कथा सुनने आसपास गांव सहित दूर दराज से परिवार एंव ग्रामवासी चरौदा पहूंच रहे हैं।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468


स्वामी जी
93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंठ, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक: 21 मार्च 2025, 02 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल 2025, 09 मई 2025, 23 मई 2025, 06 जून 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 11 मई, 22 मई, 25 मई, 02 जून, 05 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

**खबर संक्षेप**

## पत्रकार संघ के जितेन्द्र अध्यक्ष भागीरथी उपाध्यक्ष बने



**छुईहा बेलर।** श्रमजीवी पत्रकार संघ फिंगेश्वर की बैठक रविवार को विश्राम गृह फिंगेश्वर में हुआ। बैठक में संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने प्रदेश कार्यालय रायपुर एवं जिला पत्रकार संघ से प्राप्त पत्राचार का अवलोकन कराया, जिसमें फिंगेश्वर संघ का चुनाव कराया जाना था। उक्त सबंध में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के निर्देश पर जिला अध्यक्ष श्याम किशोर शर्मा के आदेशानुसार श्रमजीवी पत्रकार संघ फिगेंश्वर के संरक्षण व मार्गदर्शन अरेन्द पहाडिया की अगुवाई में 9 मार्च को संघ का त्रिवार्षिक पदाधिकारियों का चुनाव प्रस्तावित हुआ और विश्राम गृह फिगेंश्वर में उसी समय सर्वसम्मति से चुनाव व पुनर्गठन सम्पन्न हुआ। जिसमें संरक्षक अरेन्द्र पहाड़िया, अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष योगेश ठाकुर, भागीरथी सिन्हा, महासचिव जितेन्द्र सिन्हा, जिला प्रतिनिधि अजिज खान,सचिव उरेन्द्र साहू, कोषाध्यक्ष युवराज सिन्हा, सहसचिव थनेश्वर बंजारे विशेष अन्य पदाधिकारी में अंकुर पहाड़िया टिकेन्द्र सिन्हा बनाए गए हैं।

**कार्यक्रम:** बिजली स्कूल में महिला सुरक्षा, सशक्ति करण एवं जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# सक्षम महिला ही अपने घर, परिवार और समाज को सशक्त कर सकती हैं: श्वेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में महिला सुरक्षा, सशक्ति करण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन श्वेता शुक्ला महिला एवं बाल विकास विभाग गरियाबंद एवं पदमनी दीवान की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम शुभारम्भ मां सरस्वती के पूजा अर्चना के साथ किया गया।

इस अवसर पर श्वेता शुक्ला महिला एवं बाल विकास विभाग गरियाबंद ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए विभिन्न योजनाएं चल रही है जिसमे घरेलू हिंसा अर्थात कोई भी ऐसा कार्य जो किसी महिला एवं बच्चे के स्वास्थ्य, सुरक्षा, जीवन पर संकट, आर्थिक क्षति और ऐसी क्षति जो असहनीय हो तथा जिससे महिला व बच्चे को दुख एवं अपमान सहन करना पड़े, इन सभी को घरेलू हिंसा के दायरे में शामिल किया जाता है। घरेलू हिंसा का अर्थ जीवन, अंग, स्वास्थ्य, सुरक्षा, कल्याण को चोट या खतरा पैदा करना। चाहे शारीरिक हो या मानसिक।उन्होंने आगे कहा कि लैंगिक





समानता का मतलब है कि पुरुषों और महिलाओं को समान अधिकार जिम्मेदारियां और अवसर मिलना चाहिए। यह एक मानवाधिकार है। लैंगिक समानता को बढ़ावा देना, सभी के लिए बहुत जरूरी है। संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू ने कहा कि समाज में नारी विकास के लिए समान अवसर और सम्मान दिलाने की ओर भी लोगों का ध्यान आकर्षित करना है। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी समाज के विकास की नींव शिक्षा होती है। एक शिक्षित महिला अपने परिवार और समाज को नई दिशा देने में सक्षम होती है।

महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार ने अनेक योजनाएं शुरू की है जो शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्वतंत्रता और सुरक्षा को बढ़ावा देने में सहायक है। इन योजनाओं का सही लाभ तभी मिलेगा जब समाज भी महिलाओं को आगे बढ़ाने में सहयोग करेगा। महिला सशक्तिकरण केवल महिलाओं के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए आवश्यक है।तत्पश्चात विद्यालय में बालिकाओं के लिए निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी विजेता प्रतिभागी को महिला एवं बालविकास विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार वर्मा, रेखा सोनी, संतोषी गिलहरे, नकुल राम साहू, रुद्रप्रताप साहू, क्लर्क तोमन राम साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी उपस्थित थे।

## मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता : पदमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर यादव ठेठवार समाज द्वारा नवनिर्वाचित पार्षदों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना नवनियुक्त पार्षदों की उपस्थिति में यादव ठेठवार समाज की महिला संगठनों के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जगदीश यादव नवनिर्वाचित पार्षद एवं पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत फिंगेश्वर ने कहा कि इस शानदार जीत का श्रेय अपने वार्ड के सभी देवतुल्य मतदाताओं को जाता हैं जिसे मैं दिल से धन्यवाद देना चाहूंगा। इसके साथ ही सभी ठेठवार यादव समाज की महिलाओं को भी बहुत बहुत धन्यवाद देना चाहूंगा इस बात के लिए कि आज मैं जो भी स्थान पर हूं ये सब आप सभी के आशीर्वाद है। मुझे जो भी दायित्व मिला है उसे मैं पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ पालन करते हुए सर्व समाज को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा –ढ़संकल्पित रहूंगा। मेरी पहली प्राथमिकता सभी के सुख दुःख में सहभागी बनकर उनके अधिकारों को दिलाने का रहेगा। पहली बार पार्षद चुनकर आई पदमा यदु एवं चंचल यदु ने खुशी जाहिर करते हुए समाज के सभी महिलाओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि मुझे जो दायित्व मिला है उसे मैं पूरी निष्ठा से करूंगी। वार्ड के मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। सम्मानित पाने वाले पार्षदों में वार्ड क्रमांक 08 से जगदीश यदु पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत फिंगेश्वर,वार्ड क्रमांक 05 से पदमा यदु,वार्ड क्रमांक 03 से चंचल कमलेश यदु का पुष्पहार पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं की उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से शीला यदु, पुष्पा यदु, तारिणी यदु, रेवती यदु, धनेश्वरी यदु, संध्या यदु, संगीता यदु, रेखा यदु, सीमा यदु, बिंदु यदु, मधु यदु, रतना यदु, दीपा यदु, योगिता यदु, मीना यदु, योगिता यदु, तृप्ति यदु, ममता यदु, पूनम यदु, फेकन यदु, नीतू यदु, चंद्रिका यदु के अलावा समाज की महिलाएं उपस्थित थी।

## बोड़री पंचायत का नेतराम सरपंच और लेखराम उप सरपंच निर्वाचित

**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत भवन बोडकी मे नवनिर्वाचित सरपंच की ताजपोशी हुई। 3 मार्च को शपथ ग्रहण ग्राम पंचायत सचिव गोवर्धन सेन ने पद एंव गोपनीयताक शपथ दिलाई। वहीं 8 मार्च को उपसरपंच लेखराम साहू बनाये गए हैं। सचिव एव उपस्थित जनों सरपंच नेतराम सिन्हा एवं उपसरपंच लेखराम साहू एवं समस्त पंचगण को शुभकामनायें दी और कहा कि बोडकी, फुलझर, जोगीडीपा की समग्र विकास मे अपना सहयोग करगे ऐसी अपेक्षा रखते है। वहीं ग्राम पंचायत बोडकी में निर्विरोध उपसरपंच लेखराम साहू बनाए गए हैं। लेखराम ने कहा की बोड़की पंचायत का विकास करेगा इस दौरान सरपंच बोडकी नेतराम सिन्हा, विशाखा सिन्हा वार्ड कमांक 1, टोमन ध्रुव वार्ड क्रमांक 2, भूषण राम वार्ड क्रमांक 3 पूनम यादव वार्ड कमांक 4, भोजराम साहू वार्ड क्रमांक 5, छात्राणी साहू वार्ड कमांक 6, गिरधर लाल ध्रुव वार्ड कमांक 7, लेखराम साहू वार्ड



क्रमांक 8, लता ध्रुव वार्ड कमांक 9, रामायण ध्रुव वार्ड कमांक 10, हेमलाल पहाड़िया वार्ड क्रमांक 11, मिथलेश कुमार ध्रुव वार्ड क्रमांक 12, लाजेश्वरी दीवान वार्ड कमांक 13, चुम्मन लाल साहू वार्ड कमांक 14, ललिता ध्रुव वार्ड क्रमांक 15, मोना बाई ध्रुव वार्ड कमांक 16, रत्नी बाई ध्रुव वार्ड क्रमांक 17 शामिल है। बधाई देने वालो में ग्राम अध्यक्ष बरसन पटेल, सहसचिव थन्नु साहू, पोहत पटेल, गुलाप पटेल, वेदराम साहू, होरी लाल साहू, सीतल सिन्हा, कुंभ सिन्हा, हरिशंकर सिन्हा, विकास सिन्हा, गैंददिवान, जीवन ध्रुव, कार्तिक दिवान हैं।

## महेश्वरी साहू बनीं निर्विरोध उपसरपंच

**मुड़ागांव(कोरासी)।** शनिवार को ग्राम पंचायत द्वारतरा में उपसरपंच का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सरपंच पन्ना लाल ध्रुव, दूजबाई ध्रुव पंच, देवकुंवर मन्नाडे पंच, भुवन लाल मरकाम पंच, रामेश्वरी ध्रुव पंच, हरिश कुमार ध्रुव पंच, कल्याणी ध्रुव पंच, पुना बाई ध्रुव पंच, सीता राम ध्रुव पंच आदि सभी की उपस्थिति में सर्वसम्मति से महेश्वरी साहू को निर्विरोध उपसरपंच चुन लिया गया। इस मौके पर समर्थकों की भारी संख्या में उपस्थिति रही और नवनिर्वाचित उपसरपंच महेश्वरी साहू एवं सरपंच पन्ना लाल ध्रुव व सभी पंचों को बधाई दिए जिसमें प्रमुख रूप से चंदू राम साहू, पवन कुमार साहू पूर्व उप सरपंच, प्रहलाद ध्रुव, बाबू लाल ध्रुव, तिजराम ध्रुव, अंकेश यादव, सेवक ध्रुव,



संत राम साहू, मधुर ध्रुव, देवनाथ ध्रुव, गजानंद ध्रुव, भानु प्रताप ध्रुव, माधव ध्रुव, रोहित ध्रुव, पुनउ ध्रुव, संतोष कुमार सिन्हा, जैन सिंग ध्रुव, राम दयाल नागवंशी, प्रेम लाल ध्रुव, मिथलेश गिलहरे, देवकरण मन्नाडे, बिसहत ध्रुव, मोती लाल ध्रुव, डेरहा राम ध्रुव, तिलक ध्रुव, अमरचंद ध्रुव, मिलाप यादव, छबिलाल साहू, रूपेंद्र साहू, अमरलाल साहू, मयाराम साहू, रुपेशवर साहू, पंच साहू आदि सभी ने बधाई दिए।

## कोटनी सरपंच यशवंत ने महिलाओं का किया सम्मान

**अभनपुर।** नवा रायपुर स्थित ग्राम पंचायत कोटनी में सरपंच शांति यशवंत साहू के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला शक्ति का श्रीफल एवं तिलक लगाकर सम्मान किया गया। सरपंच श्रीमति साहू ने कहा कि हमें महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा, रोजगार और स्वावलंबन के अवसर प्रदान करने होंगे, गांव की बेटियां और महिलाएं किसी भी क्षेत्र मे पीछे नहीं है और आज हर क्षेत्र में सफलता के परचम लहरा रही है। इस दौरान डॉ. यशवंत साहू, जीतू रानी साहू, योगेश्वरी विश्वकर्मा, पार्वती यादव, प्रेमलता साहू, धनेश्वरी साहू, रेखा पटेल, गणेश यादव व अन्य महिलाएं उपस्थित थी।












प्रस्तुति : यशवंत यादव, कृष्णा एड एजेंसी (संवाददाता) - छुरा, मो. 9893464850

खबर संक्षेप

## पत्रकार संघ फिंगेश्वर इकाई के ब्लॉक सचिव बने उरेन्द्र साहू



**गरियाबंद।** श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी व जिले के जिलाध्यक्ष श्याम किशोर शर्मा के आदेश अनुसार श्रमजीवी पत्रकार संघ फिंगेश्वर ब्लॉक का पुनर्गठन के लिए रविवार दोपहर 1 बजे फिंगेश्वर के विश्रामगृह में बैठक आहूत किया गया था। जिसमें समस्त श्रमजीवी पत्रकार संघ फिंगेश्वर इकाई के पत्रकारगण की मौजूदगी में सर्वसम्मति से उरेन्द्र साहू कोपरा को श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लॉक सचिव नियुक्त किए गए। इस दौरान संरक्षक अरेन्द्र पहाड़िया फिंगेश्वर, अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा फिंगेश्वर, उपाध्यक्ष योगेश ठाकुर, ग्रामीण उपाध्यक्ष भागीरथी सिन्हा छुइहा बेलर, महासचिव जितेंद्र सिन्हा, सह सचिव थानेश्वर बंजारे , जिला प्रतिनिधि अजीज खान, कोषाध्यक्ष युवराज सिन्हा नव प्रदेश, विशेष आमंत्रित टिकेंद्र सिन्हा पत्रिका, को चुना गया। बैठक के दौरान पूर्व पदाधिकारी ने आय- व्यय पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा की और जानकारी दी।

## रूपाली इंटर प्राइजेस में लगी आग की जांच होः लक्ष्मी साहू



**राजिम।** पांडुका में रूपाली इंटरप्राइजेस में लगी भीषण आग को लेकर जिला पंचायत के पूर्व सदस्य लक्ष्मी साहू ने कहा कि यह घटना काफी दुर्भाग्यजनक है। इसकी गहनता से जांच की जानी चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी साफ हो सके। इस अग्निकांड में दुकानदार बर्बाद हो गया। घटना शॉर्ट सर्किट से हुई है अथवा असामाजिक तत्वों का कारनामा है इसका खुलासा नही हो पाया है। लक्ष्मी साहू ने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस ने दुकान के पीछे मिले पैरो के निशान का फोटोग्राफी नहीं करा पाया। चूंकि भीड़ के कारण पैरों के निशान मिट गया है। श्रीमती साहू का कहना है कि गांव में थाना तो हैं लेकिन लोग असुरक्षित हैं, पेट्रोलिंग व्यवस्था सुस्त हैं। बताया कि उन्होने इस संबंध में थाना प्रभारी से कहा तो थाना प्रभारी ने जवाब दिया स्टाफ की कमी है। पेट्रोलिंग के लिए स्टॉफ की कमी समझ से परे है। इस घटना के बाद गांव के सभी व्यापारियों में भय पैदा हो गया है। पुलिस को लगातार गश्त करनी चाहिए और रात में घुमने वाले असामाजिक तत्वों तथा संदिग्ध लोगो के खिलाफ कड़ाई से कार्रवाई की जानी चाहिए। लक्ष्मी ने राज्य शासन से पांडुका थाने में स्टाफ की कमी को दूर करने एवं आगजनी से पीड़ित व्यापारी को उचित मुवावजे देने की मांग किया है।

## शिवकुमार बने लाफिनखुर्द के उपसरपंच

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत लाफिनखुर्द में शनिवार को उपसरपंच का चुनाव हुआ। जिसमें शिवकुमार निषाद विजयी हुए। शिवकुमार ने चार वोटों से जीत दर्ज की। जीत पर सरपंच एवं सभी पंचों सहित युवाओं ने नवनिर्वाचित उपसरपंच शिवकुमार निषाद का अभिनंदन किया। बता दें कि शिवकुमार समाजिक कार्यों के साथ ही ग्राम समिति में उपाध्यक्ष है और ग्रामीण युवा विकास संगठन का कोषाध्यक्ष के पद सम्हालते हुए उन्होंने अध्यक्ष का भी पद सम्हाल कर ग्राम में स्वच्छता, शिक्षा और सांस्कृतिक कार्यक्रम को कराने में पहल किया है। शिवकुमार के जीत से ग्राम वासियों के साथ ग्रामीण युवा विकास संगठन के कार्यकर्ताओं में भी खुशी की लहर है।

## पटपरपाली में चैतराम बने निर्विरोध उपसरपंच

**तेंदूकोना।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अंतर्गत उपसरपंच के लिए निर्वाचन हुआ। जिसमें बागबाहरा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत पटपरपाली में सर्वसम्मति से चैतराम साहू उपसरपंच नियुक्त हुए। बता दें यहां उपसरपंच के लिए पंच हवंत साहू, मुकेश गुप्ता और चैतराम साहू ने दावेदारी की थी। किंतु, पंचों के सर्वमान्य निर्णय से चैतराम साहू को उपसरपंच चुना गया।

### वनों में फलदार वृक्ष बढ़ सके और वन्यप्राणी को भी आहार मिले इसके लिए कोई प्रयास नहीं

# मैनपुर के जंगलों में अवैध कटाई से तेंदू वृक्षों का अस्तित्व खतरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ का एक महत्वपूर्ण फल तेंदू का वजूद खतरे में हैं। यह फल जंगलों से गायब होने लगा है क्योकि इसके पेड़ कम हो रहे हैं अवैध कटाई और वन विभाग के लापरवाही के चलते आगामी कुछ वर्षों में यह अनूठा फल खत्म हो जाए इससे इंकार नहीं किया जा सकता, ज्ञात हो कि वनों में पाया जाने वाला इस स्वादिष्ट फल को काफी गुणकारी माना जाता है मध्यम ऊंचाई करीब 20 से 50 फीट तक ऊंचे एवं घना छायादार होता है भर्री, टीकरा, मेड़, खेत, बंजर पथरीली मुरमी भूमि सहित छोटी पर्वती श्रंखलाओं से मिलकर पड़े पर्वतों के अलावा घने जंगलों में यह निरंतर बढ़ता है। इस पेड़ के नुकिलाकार पत्तों के बीच फल लगते हैं, गर्मी के दिनों में इस फल की बहार छा जाती है यह फल पकने के बाद सुनहरे रंग तथा चिकना एवं खुबसूरत दिखता है। वहीं पके हुए तेंदूफल की मादक महक न केवल लोगों को बल्कि जंगल के जंगली जानवरों को भी बरबस अपनी ओर खींच लाती है। भालू का तो यह प्रिय भोजन है तथा तेंदूफल पकने के समय इस वृक्ष के नीचे भालू डेरा जमाए रहता है जैसे ही पका हुआ फल झाड़ से टपकता है भालू झपट पड़ता है।

ग्रामीण ऐसा बताते है कि भालू के पाचनतंत्र से होकर गुजरने के बाद ही तेंदूफल के बीज का अंकुरण संभव होता है और तेंदूफल कई अनुसंधान हो चुका है जिस पर फल पर अनुसंधान हो चुका है वह फल का वृक्ष तेजी से घट रहा है जो चिंता का विषय है, बताया जाता है तेंदू बीजों से तेल और फलों के सत्व में औषधीय गुणों का प्रचुरता कब्ज दूर करता है इसके आलावा खून साफ करने के साथ उच्च रक्तचाप को नियंत्रण में रखता है साथ ही वात रोगों की अक्सर दवा के अलावा भीषण गर्मी में इसके सेवन से लू से न केवल बचाता है बल्कि शरीर में प्रतिरोधक क्षमता भी विकसित करता है। फिलहाल सरकार वनो में औषधीय और फलदार वन विभाग के माध्यम से पौधे उगाए जाते हैं और बारिश के दिनों जगह -जगह पौधा रोपण किया जाता है। उसी तर्ज पर तेंदू पौधा का रोपण किया जाए तेंदू बीजों को अंकुरित योग्य बनाकर वन क्षेत्रों पहाड़, खाली जंगलों में जगह-जगह लगाया जाए जिससे वन क्षेत्रों में फलदार वृक्ष बड़ सके और वन्यप्राणी पशु पक्षी को भी आहार मिल सके लेकिन अब तक गुणों व औषधीय से भरा तेंदूफल को बचाने के लिए किसी ठोस नीति पर प्रयास करते नहीं दिख रहा है। जाहिर है जंगल में बची यह प्रजाती कुदरती तौर पर किसी तरह अपना अस्तित्व बनाए हुए हैं चूंकि अब छत्तीसगढ़ का अपना वन अनुसंधान केन्द्र हैं इसलिए तेंदू पौधा रोपण के लिए अनुसंधान एवं कारगार उपाय किया जाना चाहिए।







### पर्यावरण के लिए तेंदू पेड़ काफी उपयोगी

तेंदू का एक और बहुमूल्य पक्ष है तेंदूपत्ता को हरा सोना के नाम से जाना जाता है शासन के माध्यम से तेंदूपत्ता की खरीदी की जाती है और इस पत्ते से बीड़ी बनाई जाती है इससे अरबो रूपये के व्यापार होता है साथ ही लाभांश की 80 प्रतिशत राशि सीधे संग्रहक मजदूरों को दी जाती है, क्षेत्र के वरिष्ठ ग्रामीण जागेश्वर नेताम, बनसिंह सोरी, पिलेश्वर सोरी, छबीलाल दिवान, प्रेमसाय जगत, खेलन नेताम, चमरू राम बताते है पर्यावरण के लीहाज से तेंदू पेड़ काफी उपयोगी है इसके नीचे खूब उगने वाली घास चारा देने के अलावा भू संरक्षण का काम भी करती है गर्मी के मौसम में जब अन्य फलो की कमी होती है तो रेसेदार मिठास से भरा तेंदू का फल राहत पहुंचाता है लेकिन तेंदूपत्ता का दुखद पहलु यह है कि भर्री, टीकरा, आबादी एवं कृषि क्षेत्र में बहुत अधिक संख्या में पाए जाने वाला बड़े-बड़े वृक्ष कम होते जा रहे है, ग्रामीण बताते तेंदू का फल भालू, बंदर, लोमड़ी व अन्य वन्यप्राणियों को काफी पसंद है लेकिन तेंदू की घटती जंगल से अब बंदर भी वनों से निकलकर गांवों की तरफ रूख कर रहे हैं खेतों के फसल को नष्ट कर रहे हैं, ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मांग किया है कि घटती तेंदू की जंगल का विकास किया जाए।

### तेंदू फल की छाई बहार

इन दिनों क्षेत्र के जंगल व तेंदू वृक्षों में फल आ चुका है। ग्रामीण इलाकों में तेंदू फल बिकने भी पहुंच रहा है लेकिन अब पहले जैसे तेंदू फल दिखाई नहीं देते जिसके पीछे ग्रामीण मुख्य कारण तेंदू पेड़ों की कमी बताते हैं।

## नारी बिन संसार एवं संस्कार नहीं : संध्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

विश्व महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव, पूर्व लोक निर्माण सभापति एवं वार्ड नं 4 की पार्षद संध्या राव ने शहर के वरिष्ठतम महिला चिकित्सक डॉ. एम कौर एवं डॉ. उमा गुप्ता,डॉ कविता लाल, टीबीएस की पूर्व प्रिंसिपल गुरदीप कौर, हरिहर स्कूल की प्रिंसिपल फाखरा खानम दानी मैम सहित मणिकंचन की महिलाओं का सम्मान समरकोर्ट और श्रीफल देकर किया। उनके साथ स्वर्णजीत कौर, दीपाली राजपूत भी थी। उन्होने विश्व महिला दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर संध्या राव ने कहा कि आज महिला सभी क्षेत्रों में अग्रणी है। राजनीति, शिक्षा, खेल, साहित्य एवं अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व है। आज देश की प्रथम महिला द्रौपदी मुर्मी भारत की राष्ट्रपति है। अंतरिक्ष अनुसंधान में सुनीता विलियम पूरे विश्व के लिए गौरव गाथा लिख रही है। श्रीमती राव में कहा कि नारी के बिना संसार एवं संस्कार दोनों संभव नहीं है। संध्या राव ने विश्व महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



## महिला दिवस पर सरकड़ा सरपंच ने महिलाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका



ग्राम पंचायत सरकड़ा में नव निर्वाचित सरपंच कीर्तिलता लालजी दिवान द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम की महिलाओं पंचगण एवं ग्रामीण महिलाओं का सम्मान किया। जिसमें महिलाओ को शॉल, श्रीफल से सम्मानित किया गया जिसमें करीब 40 से ज्यादा महिला एवं महिला समूह के सदस्यों को सम्मानित किया। समारोह को दशरथ निषाद अधिवक्ता ने संचालित करते हुए कहा कि सभी नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच पंचगण मिलकर गांव के विकास करे जिससे गांव का नाम रोशन और और सभी मिलजुलकर गांव की विकाश में होता रहे। इस कार्यक्रम में सभी पंचगण एवं सचिव उमा साहू गांव के नागरिक गण भारी संख्या में उपस्थित हो कर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। जिसमें उपसरपंच महेश्वर साहू, लालजी दीवान, लेखराम निषाद, संतोष निषाद, भुवन निषाद, मंथीर निषाद, लगन दीवान आदि बड़ी संख्या उपस्थित थे।






## व्यास नारायण टोकरो के उपसरपंच निर्वाचित

**नवापारा-राजिम।** ग्राम पंचायत टोकरो में उपसरपंच चुनाव में व्यास नारायण साहू ने जीत हासिल की है। उपसरपंच बनने पर ग्राम वासियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर लखन साहू, नरेंद्र निर्मलकर, टेकराम , शोभाराम, सेन कुमार, लोकेश पटेल, छमन साहू, दुलारी पटेल, सुशीला साहू, रेखा पाल, अंशु साहू, किसनी, संतोष, सुभाष, तिलक, घनश्याम, एकांत, हरदयाल, सत्यप्रकाश, प्यारेलाल, दुजराम, रूपेंद्र साहू, द्वारका साहू, छबिराम मौजूद थे।



## भुवन अवसरिया दोबारा बने सचिव

**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ कहार भोई समाज राज्य पदाधिकारियों के निर्वाचन में सर्वसम्मति से भुवन अवसरिया को पुनः सचिव बनाया गया। अध्यक्ष पद पर विक्रम भोई एवं कोषाध्यक्ष अजय कश्यप चुने गए। समाज के लोगों ने इन पदाधिकारियों का गुलाल लगाकर सम्मान किया।




## भेण्डरी पंचायत के राधे पटेल उपसरपंच नवनिर्वाचित हुए

**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी ग्राम पंचायत में उपसरपंच पद पर राधेलाल पटेल चुने गए। ग्रामवासियों ने नवनिर्वाचित उपसरपंच राधेलाल और सरपंच राजेश्वरी-आनंद पटेल का गुलाल लगाकर स्वागत किया। दोनों को जनपद सदस्य विनीता संतशरण साहू, पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन, सेवक राम बांधे, आनंद पटेल, प्रहलाद ध्रुव, डॉ. चुम्मन साहू, सोसायटी अध्यक्ष हेमंत साहू, रोहित पटेल ने बधाई दी।

## पुखराज साहू चुने गए रवेली के उपसरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

पंचायतों में उपसरपंच का चुनाव विधिवत संपन्न हुआ। जिसमें जनपद पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम पंचायत रवेली में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पुखराज साहू उपसरपंच निर्वाचित घोषित हुए। निर्वाचन उपरांत पुखराज साहू ने सभी पंचों को धन्यवाद व आभार प्रकट किया और कहा कि जनसुविधाओं के विस्तार एवं ग्राम विकास के लिए सब मिलकर कार्य करेंगे। सभी योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वयन करने के लिए सरपंच व सभी पंचों के साथ सहयोग भी करेंगे। उनके उपसरपंच बनने पर अनेक लोगों ने उन्हें बधाई व शुभकामनायें दी।



ग्राम पंचायत में उपसरपंच के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया जिसमें अन्य प्रत्याशी को मात्र 03 मत प्राप्त हुए वहीं पुखराज साहू को 08 पंचों ने अपना मत देकर विश्वास जताया और इस तरह ग्राम पंचायत में 10 वार्ड पंच सहित सरपंच मिलाकर कुल 11 मतों में 08 मत प्राप्त कर उपसरपंच निर्वाचित हुए।

## ग्राम पंचायत तौरेंगा के नागेश तिवारी व अतरमरा में येश कुमार बने उप सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांडुका

जिले में 8 मार्च को उप सरपंच का चुनाव हुआ। कई पंचायतों में निर्विरोध उप सरपंच बने है तो कहीं वोटिंग के माध्यम से चुनाव लड़कर उप सरपंच का निर्वाचन हुआ। इसी कड़ी में विकासखंड छुरा के ग्राम पंचायत तौरेंगा में कुल 10 वार्ड है और जिसमें नागेश तिवारी ने कुल 9 मत से जीत हासिल कर चुनाव जीत कर जीता। तो वहीं अतरमरा में येश कुमार सिन्हा निर्विरोध चुने गए तो वहीं घटकर्रा में मन्नू पटेल चुने गए।

सरपंच भूपेंद्र ध्रुव, उप सरपंच नागेश तिवारी सहित पंचों ने कहा कि मिलकर विकास के कार्य करेंगे। बता दे कि ग्राम पंचायत तौरेंगा के इस बार आश्रित ग्राम दीवना में 22 वर्षीय नवयुवक भूपेंद्र ध्रुव चुनाव जीत कर सरपंच बना है। और पहली बार इस गांव में कोई सरपंच बना है। इस प्रकार सरपंच और उप सरपंच के एक तरफा जीत को लेकर गांव में खुशी का माहौल है। दोस्त, यार, परिवार सब ने बधाई और शुभकामनाएं दी।





## ग्राम पंचायत जेंजरा के प्रमोद बने उपसरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम क्षेत्र के सबसे बड़े गांव जेंजरा ग्राम पंचायत के प्रतिष्ठापूर्ण उपसरपंच के चुनाव में प्रमोद कुमार साहू चुनकर आ गए है। बता दें कि इस पंचायत में सरपंच सहित 20 पंच है जिसमें से 19 मत प्रमोद को मिला। प्रमोद के उपसरपंच चुने जाने पर विधायक रोहित साहू, सरपंच बोधन यादव, सोसायटी अध्यक्ष महेश साहू, झंगुराम साहू, आसकुमार साहू, भुवन साहू, राजेंद्र कुमार, सोमनाथ साहू, लीलाधर साहू, नेहरू साहू, मिनेंद्र साहू, शिवकुमार साहू तथा जेंजरा एवं आश्रित ग्राम मुड़तरई के ग्रामीणों ने उन्हें गुलाल लगाकर फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए बधाई दिया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित उपसरपंच प्रमोद कुमार साहू ने कहा कि जेंजरा गांव के विकास में सरपंच बोधन यादव के साथ मिलकर एवं सभी पंचों से राय मशविरा लेकर तथा ग्रामीणों के सुझाव पर विकास का काम किया जाएगा। पूरे ग्रामवासियों के ईच्छा के अनुरूप जो काम बताया जाएगा उसे पूरा किया जाएगा और समस्याओं का निदान किया जाएगा।

## पटेवा के हरिश्चंद्र बने उपसरपंच



**नवापारा-राजिम।** ग्राम पंचायत पटेवा में उपसरपंच के पद पर हरिशचंद पाल चुने गए। उपसरपंच चुने जाने पर श्री पाल को सरपंच कृष्ण यशवंत साहू, भूषण साहू, दुलेश्वरी-चतुर साहू, अनीता उमेश साहू ओमप्रकाश ध्रुव झम्मन साहू घनश्याम पप्पू, होरीलाल पाल, गंगा प्रसाद साहू दिलीप महिलांग, भागवत साहू नवीन साहू सहित ग्रामवासियों ने बधाई दी।

## बिरकोनी, बरबसपुर में निर्विरोध चुने गए उपसरपंच तो कहीं पर हुआ चुनाव

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी सहित क्षेत्र के ग्राम पंचायत भवन में उपसरपंच चुनाव 8 मार्च को हुआ। 12 बजे चुनाव प्रक्रिया को पीठासीन अधिकारी अजित बहादुर सिंह व सचिव शंकर साहू ने कराया। जिसमें पंचों व सरपंच ने गिरीश चंद्राकर को निर्विरोध चुना गया। पीठासीन अधिकारी ने निर्वाचन आयोग उपसरपंच का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस दौरान सरपंच चन्दन चंद्राकर, कोतवाल योगेश मानिकपुरी, गोकुल सोनवानी, रोजगार ऑपरेटर टेमन गिलहरे, महेश साहू सहित पंचों व सभी पंचायत समिति के कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसी तरह ग्राम बरबसपुर में निर्विरोध उपसरपंच मोनिका साहू को चुना गया। सरपंच सत्यवती महेंद्र प्रताप सोनवानी व पंचों सहित ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है। बड़गांव में निर्वाचित टिकेश्वरी ऋषि चक्रधारी को 13 मतों से निर्वाचित उपसरपंच चुना गया। विपक्ष में पीतांबर निषाद को 6 मत मिले। ग्राम पंचायत सरपंच नंदनी जवाहर ध्रुव व पंचायत समिति के सदस्यों ने निर्वाचित उपसरपंच टिकेश्वरी ऋषि चक्रधारी का गुलाल लगाकर स्वागत किया। ग्राम अछरीडीह में उपसरपंच के लिए आकाश निषाद ने 11 मतों से जीत हासिल की। विपक्षा में द्रोपती निषाद को 5 मत से मिले। कांपा में उपसरपंच अनूपा यादव को 10 मत मिला। यहां विपक्ष में लखन खंडेलवाल को 8 मत मिले। सरपंच विकास चंद्राकर, पूर्व सरपंच गजानंद साहू के अलावा पंचायत समिति के सदस्य उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## पटेल समाज महिला मंच ने महिलाओं का किया सम्मान



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पटेल समाज महिला मंच द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मैनपुर के सरपंच हनीता नायक, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, भाजपा नेत्री नंदिनी नेताम, कुलेश्वरी सिंन्हा, भगवती श्रीवास्तव, अनसुईया पटेल, गौरी बाई पटेल, राधिका पटेल, संगीता पटेल, ओजस्वी पटेल एवं बड़ी समस्या में क्षेत्र के महिलाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में भारी उत्साह देखने को मिला।


## पिटियाझर में निकाली स्वच्छता जागरुकता रैली

**महासमुंद।** द न्यू होली फैथ स्कूल के छात्रों ने लोगों को स्वच्छता अपनाने, सूखे व गीले कचरों को अलग-अलग डस्टबिन में डालने का संदेश देते हुए स्वच्छता जागरुकता रैली ग्राम पिटियाझर में निकली। रैली संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन, प्राचार्या सरवरी पींचा के दिशा निर्देशन में यह रैली निकाली। चेयरमैन महेंद्र जैन ने बच्चों को बताए कि स्वच्छता मिशन का उद्देश्य है, शौचालयों की सफाई बहुत ही जरूरी है। ठोस, तरल कचरों का पुनः प्रबंधन कर बेस्ट वस्तुओं का निर्माण, कार्बनिक खाद निर्मित करना आदि। प्राचार्या सरवरी पींचा ने कहा कि सर्वप्रथम हम स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहेंगे, तभी हम दूसरों को संदेश दे सकेंगे, इसीलिए अपने अध्ययन कक्ष, घर आदि जगहों को साफ सुथरा रखें। स्वच्छता प्रभारी जयेश जैन, जगदीश धीवर, वसुंधरा यदु ने बच्चों को ग्राम पिटियाझर, महासमुंद के महामाया मंदिर के परिसर की साफ-सफाई करवाए तथा बच्चों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।

चुनाव : गाजे बाजे के साथ जेसीबी में बैठाकर निकाला विजय जुलूस, जमकर उड़ाए रंग- गुलाल

# दादरगांव की यामिनी बनीं उपसरपंच समर्थकों ने की जमकर आतिशबाजी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा**



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतिम चरण मे विकासखंड के सभी 74 ग्राम पंचायतों में चुनाव शांतिपूर्ण हुआ। ब्लाक मुख्यालय से लगे हुए ग्राम पंचायत दादरगांव पुराना में पहली बार महिला कुमारी यामिनी चंद्राकर उपसरपंच निर्वाचित हुई जिसके बाद समर्थकों ने जमकर खुशियां मनाते हुए जोरदार आतिशबाजी करते हुए बाजे- गाजे के साथ रैली निकाल रंग गुलाल उड़ाते हुए खुशी का इजहार किया ग्रामवासियों का कहना है की पहली बार ग्राम पंचायत दादरगांव में उपसरपंच का पद किसी महिला को मिली है। उपसरपंच बनने दो लोगों ने फार्म भरा कुल 10 वार्ड पंच और सरपंच के साथ कुल 11 लोगों ने मतदान में हिस्सा लिया।

वार्ड क्रमांक 03 के पंच रामसिंह दिवान और वार्ड क्रमांक 6 के पंच कुमारी यामिनी चंद्राकर ने फार्म भरा जिसके बाद चुनाव प्रकिया शुरु हुई। कुल 11 मतदान में मात्र 2 वोट रामसिंह दिवान को मिला। वहीं 9 वोट पंच यामीनी चंद्राकर को मिला जिसके बाद पिठासीन अधिकारियों ने कुमारी यामीनी चंद्राकर को ग्राम पंचायत दादरगांव का उपसरपंच का प्रमाणपत्र सौंपते हुए घोसणा किया घोषणा के बाद कुमारी यामीनी चंद्राकर के समर्थकों ने जमकर नारेबाजी करते हुए पटाखे फोड़े और उपसरपंच व पंचों को जेसीबी मशीन में बैठाकर रैली निकाला महिला दिवस के दिन मिली बड़ी जिम्मेदारी पर नवनिर्वाचित उप सरपंच कुमारी यामिनी चंद्राकर ने अपनी जीत के बाद ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की यह मेरे लिए गर्व की बात है कि ग्राम की जनता ने मुझ पर लगातार विश्वास जताया है। मैं उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी मेहनत करूंगी। मेरा एकमात्र लक्ष्य ग्राम का सर्वांगीण विकास होगा। ग्राम की मूलभूत जरूरतें जैसे बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार को प्राथमिकता देना मेरी पहली प्राथमिकता हों।

# बेलर में हरिशंकर साहू उपसरपंच निर्विरोध बने





**हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर**

फिंगेश्वर ब्लाक के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेलर में युवा भाजपा कार्यकर्ता हरिशंकर साहू उपसरपंच निर्विरोध बनाए गए। उनके उपसरपंच बनने की घोषणा होते ही पंचायत भवन के बाहर उनके समर्थकों में उत्साह चरम पर पहुंच गए। इस खुशी में खुब गुलाल उडे और शंकर को गुलाल से सराबोर करते बधाई देने लगे। उल्लेखनीय है कि बेलर ग्राम पंचायत में अनूसूचित जन जाति महिला सरपंच पद से सुमन लेखराम रात्रे निर्वाचित हुए हैं।

विगत दिनों सरपंच सुमन रात्रे के साथ वरिष्ठ चार के पंच विष्णु साहू, देवीराम साहू, तिरथ साहू, नंदनी यादव, राजकुमार घृतलहरे, त्रिवेणी घृतलहरे, ज्योति बनकर, लाकेश दास मानिकपुरी, टिकेश्वरी साहू, बूधयारिन साहू, उमा भागी साहू, धनेश्वरी साहू, प्रेम बाई ध्रव, निर्मला साहू, गैदराम साहू ने शपथ ग्रहण किया। वहीं सरपंच ,उपसरपंच को बधाई देने वाला में भाजपा नेता व पूर्व उपसरपंच बेलर खोमन साहू, सालिक साहू, सुरेश रात्रे, गजेन्द्र साहू, लेखराम रात्रे, संदीप साहू, तुलाराम साहू, भागवत,नरायण साहू, पुरन साहू, नीलकंठ साहू, करणदास मानिकपुरी मलशू ध्रव, कमल रात्रे, सुरेन्द्र रात्रे, राधेश्याम साहू रमनीक साहू, संजय, धनश्याम साहू, जय प्रकाश सिन्हा, जय प्रकाश साहू इत्यादि ने बधाई दी है।

# चुनाव में भारी गहमा गहमी, अनीश सोलंकी फिर बने मैनपुर उप सरपंच

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 17 फरवरी को सरपंच, पंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत के संपन्न होने के बाद पिछले 18-19 दिनों से उपसरपंच चुनाव को लेकर भारी गहमा गहमी देखने को मिल रही थी। 8 मार्च को उपसरपंच चुनाव के चलते सभी ग्राम पंचायतों में सुबह 10 बजे से भारी भीड़ लगी रही। मैनपुर तहसील मुख्यालय ग्राम पंचायत मैनपुरखुर्द में उपसरपंच चुनाव को लेकर भारी गहमा गहमी देखने को मिला। जहां अनीश सोलंकी निर्विरोध उपसरपंच चुने गए। ज्ञात हो कि अनीश सोलंकी लगातार तीसरी बार उपसरपंच निर्वाचित हुए है उनके उपसरपंच बनने के बाद उनके समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी किया और फूलमाला के साथ विजय जुलुस निकाली गई। वहीं ग्राम पंचायत हरदीभाठा में युवा मोर्चा के अध्यक्ष महेश कश्यप उपसरपंच चुने गए। ग्राम पंचायत इंदागांव में कांति बस्तिया दूसरी बार उपसरपंच चुने गए। ग्राम पंचायत मुड़ागांव में वृंदाबाई, ग्राम पंचायत जांगड़ा भानु सिन्हा, ग्राम पंचायत मैनपुरकला में अविश कुमार सिंह सुधीर ठाकुर, ग्राम पंचायत जाड़ापदर में छबि नागेश, ग्राम पंचायत कोयबा में रूपेन्द्र सोम, ग्राम पंचायत भाठीगढ़ में राजेन्द्र नागेश, ग्राम पंचायत भैसमुड़ी धनुर्धर, ग्राम पंचायत बजारी नर्मल नागेश, ग्राम पंचायत फरसरा चंद्रशेखर



मरकाम, ग्राम पंचायत बुड़गेलटप्पा बलीराम नेताम, ग्राम पंचायत चलनापदर भरतलाल यादव, ग्राम पंचायत झरगांव निरोबाई नागेश, ग्राम पंचायत घुमरापदर पुरनीबाई, ग्राम पंचायत सगड़ा डिगलेश यादव, ग्राम पंचायत बिरीघाट गंगाराम ध्रुव, ग्राम पंचायत गोहरापदर में मेघराज बघेल निर्विरोध उपसरपंच चुने गए। उपसरपंच चुनाव को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने भारी भीड़ लगी रही।उन्होने कहा मैनपुर में विकास कार्य तेजगति से किया जायेगा। इस दौरान सरपंच हनिता नायक, एकता दीक्षित, टिकेश्वर नायक, बलदेव नायक, बेनुराम पाड़े, भागवति श्रीवास्तव, पविता बाम्बोड़े, दिलीप पटेल, शंकर नागेश, पारेश्वर नेताम, पूर्व सरपंच वली मोहम्मद धन्नाड़ी, शेख हसन खान, रामकृष्ण ध्रुव, गेन्दु यादव, जाकिर रजा, भोजेश्वर दुबे, राजू दीक्षित, संजय नंदाल, सुखराम नागेश, एसकुमार कश्यप, खेत्री कश्यप, कमलेश कश्यप सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

### कई पंचायतों में एक सप्ताह से पंच अज्ञातवास में चले गए थे

उपसरपंच चुनाव के कारण कई ग्राम पंचायतो में दर्जनो पंच एक सप्ताह से अज्ञात स्थानों पर चले गए थे जो आज नियत चुनाव के समय पर ही पंचायत कार्यालय में पहुंचे जिसके कारण कई ग्राम पंचायतों में उपसरपंच चुनाव को लेकर भारी हो हल्ला देखने को मिला। वहीं कई ग्राम पंचायतों के उपसरपंच दावेदार पंचों को अपने साथ घुमाने ले जाने की बात भी सामने आई है।




प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला-गरियाबंद, मो.: 79871-24123







संकलनकर्ता : उरेंद्र संवाददाता कोपरा, प्रस्तुति : गोरेलाल सिन्हा